प्रारंभिक अर्हता परीक्षा: जिलाधिकारी ने विभिन्न केन्द्रों का किया निरीक्षण

बस्ती ।उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने प्रथम पाली में विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी का जायजा लिया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने एएसएचएस एण्ड जी.आर.एस इण्टर कालेज, खैर इण्डस्ट्रियल इण्टर कालेज, इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज कसानगंज स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने

केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई जाए तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया। उन्होंने कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी व्यवस्था देखी। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा कक्षों एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने कहा कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। परीक्षा के दौरान आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभाएं। प्रशासन द्वारा परीक्षा की व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का हस्तांतरण

बस्ती । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के हस्तांतरण का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र, बस्ती पर गुजरात के बनासकांठा से लाइव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष, किसान मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी वरुण पाण्डेय, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी एवं समस्त वैज्ञानिकगण, संयुक्त कृषि निदेशक राम बचन राम, उप कृषि निदेशक अशोक कुमार तथा वैज्ञानिकगण, कृषि एवं संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद के लगभग 155 कृषक एवं महिला कृषकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता एवं इसके महत्व के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान अवनींद्र कुमार दुबे, राजेंद्र सिंह एवं महिला किसान श्रीमती संजू, श्रीमती

रेनू सिंह को सम्मानित किया गया तथा खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के कृषकों एवं महिला कृषकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर कृषि विज्ञानं केंद्र के वैज्ञानिक डा. पी. के. मिश्रा, हरिओम मिश्रा, आर. वी. सिंह, विनोद बहादुर सिंह, डा अंजलि वर्मा तथा केंद्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

36 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

श्रृंगीनारी,हर्रैया(बस्ती)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत परसरामपुर पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 36 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब 10ः30 बजे उपनिरीक्षक आनंद कुमार सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान कुश्मौर डीह पुलिया के पास एक संदिग्ध ई-रिक्शा को रोककर तलाशी लिया। तलाशी के दौरान दो प्लास्टिक के बोरों में रखे 48 पाउच में कुल 36 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। मौके से ई-रिक्शा चालक सोमनाथ पुत्र बृजमोहन निवासी चौरी, थाना परसरामपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

एड्स नियंत्रण कार्यशाला में प्रशिक्षण के साथ व्यावहारिक पहल पर चर्चा

बस्ती। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी एवं पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीआई नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सा अधिकारियों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव निगम, एसआईसी डा. सुजीत कुमार यादव, डिप्टी सीएमओ डा. विनोद, जिला क्षय रोग अधिकारी एवं एसीएमओ डा. ए.के. गुप्ता, डिप्टी डीटीओ डा. अशोक कुमार चौधरी, एसीएमओ (आरसीएच) डा. बृजेश कुमार शुक्ला, एसीएमओ डा. अशोक कुमार गुप्ता, नोडल एआरटी सेंटर डा. महेश प्रसाद, नोडल डीएसआरसी डा. रामानुग्रह, नोडल ब्लड सेंटर डा. दीपक श्रीवास्तव तथा डीपीटीसी/एचआईवी-टीबी श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित जनपद के अनेक चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी उपस्थित रहे।प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीएचएफआई के मास्टर ट्रेनर एवं एक्सपर्ट उमेश रावतरे, कैपेसिटी बिल्डिंग एक्सपर्ट प्रसाद संत एवं कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफिसर नीरज श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन किया। इसके अतिरिक्त दिशा टीम से सीपीएम अखिलेश सिंह, सीएसओ सुभाष चन्द्र यदुवंशी एवं डीएमडीओ श्रीमती अनुपम शुक्ला ने भी विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा अधिकारियों एवं संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीआई नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्यों, रणनीतिक प्राथमिकताओं तथा जिला स्तर पर कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के

संबंध में अद्यतन जानकारी एवं व्यावहारिक समझ प्रदान करना था। साथ ही एचआईवी संक्रमण की रोकथाम, समय से पहचान, जांच, उपचार एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों की क्षमता को सुदृढ़ करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य रहा।

प्रशिक्षण के दौरान एचआईवी, एडस की वर्तमान स्थिति, लक्ष्य, जिला स्तर पर एचआईवी महामारी की स्थिति, एनएसीपी की संरचना, डिस्ट्रिक्ट एड्स कंट्रोल ऑफिसर डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड स्ट्रेटजी फॉर एचआईवी/ एड्स तथा मोबिलाइजेशन फॉर एड्स सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी एवं सहभागी बनाने के लिए केस स्टडी, प्रेजेंटेशन, समूह चर्चा एवं व्यावहारिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इससे प्रतिभागियों को जिला स्तर पर एचआईवी सेवाओं के प्रबंधन, समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन की बेहतर समझ विकसित करने में सहायता मिली। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों की राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित जानकारी एवं व्यावहारिक क्षमता को सुदृढ़ किया गया।

महर्षि दयानंद सरस्वती की 143वीं पुण्यतिथि पर यज्ञानुष्ठान एवं विचार गोष्ठी आयोजित

बस्ती । पूरी दुनिया को वेदों की ओर लौटो का नारा देने वाले महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 143वीं पुण्यतिथि ऋषि निर्वाण दिवस के पावन अवसर पर सुरतीहट्टा स्थित स्वामी दयानंद पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में भव्य यज्ञानुष्ठान, वेद पाठ तथा विचार गोष्ठी का आयोजन अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, आर्य समाज के पदाधिकारियों तथा विद्यालय के शिक्षकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार देवयज्ञ (हवन) एवं वेद पाठ से हुआ। ओमप्रकाश आर्य प्रधान, आर्य समाज नई बाजार, बस्ती के सानिध्य में उच्चारित विशेष वैदिक मंत्रों के मध्य उपस्थित संभ्रांत जनों एवं शिक्षार्थियों ने राष्ट्र कल्याण, समाज सुधार और ज्ञान के प्रकाश के प्रसार हेतु यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ के पश्चात विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता ओम प्रकाश आर्य ने कहा कि

महर्षि दयानंद सरस्वती केवल एक सन्यासी नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के महान वैचारिक क्रांतिद्रष्टा थे। उन्होंने ऐसे समय में %वेदों की ओर लौटो% का आह्वान किया जब समाज कुरीतियों और अंधविश्वास से ग्रसित था।

उन्होंने कहा कि आज का हवन केवल अग्नि में आहुति नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प है। स्वामी जी ने %कृण्वन्तो विश्वमार्यम्% का संदेश देते हुए जात-पात, छुआछूत का घोर विरोध और स्त्री शिक्षा का समर्थन किया। उनकी महान रचना %सत्यार्थ प्रकाश% आज भी मानव समाज का सबसे सशक्त मार्गदर्शक ग्रंथ है।

शिक्षकों ने उपस्थित जनों से स्वामी जी के 5 प्रमुख नियमों जैसे सत्य बोलना, प्रतिदिन हवन व योग करना, बड़ों का सम्मान करना, नशे से दूर रहना और पढ़ाई को पूजा समझना, को अपने आचरण में आत्मसात करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों के मध्य प्रसाद वितरण किया गया तथा शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर आदित्य नारायण गिरि, गरुण ध्वज पाण्डेय, अनूप कुमार त्रिपाठी, दिनेश कुमार मौर्य, अरविन्द श्रीवास्तव, नितीश कुमार, अनीशा मिश्रा, महिमा, स्वप्नल विश्वकर्मा, महक मिश्रा शिवांगी गुप्ता, अंशिका पाण्डेय, ज्योति सोनी तथा आर्य समाज से जुड़े अनेक संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

राम मड़ैया में सुनाई मत्स्य अवतार की कथा, धर्म और निर्बलों की रक्षा का दिया संदेश

महादेवा, बस्ती। महादेवा राम मड़ैया पर चल रहे राम नाम संकीर्तनमे कथा के चौथे दिन पंडित कृष्ण कुमार शुक्ल ने भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार की कथा सुनाई। पंडित जी ने बताया कि भगवान विष्णु के दशावतारों में प्रथम अवतार है मत्स्य अवतार। जब-जब धर्म की हानि होती है और वेदों पर संकट आता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर सृष्टि की रक्षा करते हैं।

प्राचीन काल में सत्यव्रत नाम के एक बड़े धर्मात्मा राजा थे। वही आगे चलकर वैवस्वत मनु कहलाए। एक दिन वे कृतमाला नदी में स्नान कर पितरों का तर्पण कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने अंजलि में जल लिया, उस जल में एक छोटी सी मछली आ गई।

राजा ने उस मछली को वापस नदी में डालना चाहा तो मछली बोली - हे राजन! मुझे जल में मत छोड़िए, यहाँ बड़े जीव मुझे खा जाएंगे, आप मेरी रक्षा कीजिए।राजा को दया आ गई। वे मछली को अपने कमंडल में ले आए।

दूसरे दिन वह मछली इतनी बड़ी हो गई कि कमंडल छोटा पड़ गया। राजा ने उसे मटके में रखा, फिर वह मटका भी छोटा पड़ गया। फिर तालाब में रखा, तालाब भी छोटा पड़ गया। अंत में राजा ने उसे समुद्र में छोड़ा तो मछली का आकार सैकड़ों योजन का हो गया।

तब राजा समझ गए कि यह कोई साधारण मछली नहीं है। उन्होंने हाथ जोड़कर कहा - प्रभु, आप अपने वास्तविक स्वरूप में आइए।

तब मछली के रूप में स्वयं भगवान विष्णु प्रकट हुए और बोले - हे मनु! आज से सातवें दिन महाप्रलय आने वाला है। उस समय हयग्रीव नाम का दैत्य वेदों को चुराकर पाताल में ले जाएगा। मैं तुम्हारे पास एक विशाल नौका भेजूंगा। तुम सप्तऋषियों, सभी बीजों और औषधियों को लेकर उस नौका में बैठ जाना। मैं इसी मत्स्य रूप में आकर तुम्हारी नौका की रक्षा करूंगा और वेदों को वापस लाऊंगा।

समय आने पर प्रलय हुआ। भगवान मत्स्य रूप में प्रकट हुए, उनकी नाक में मनु ने नौका को वासुकि नाग से बांध दिया। भगवान ने हयग्रीव का वध करके वेदों को ब्रह्मा जी को लौटा दिया।पंडित कृष्ण कुमार शुक्ल जी ने बताया कि मत्स्य अवतार की कथा हमें यह शिक्षा देती है कि छोटा सा जीव समझ कर किसी की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। भगवान तो कण-कण में हैं। जो धर्म की, वेदों की और निर्बल की रक्षा करता है, भगवान स्वयं उसकी रक्षा करते हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन

बभनान बस्ती ।पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन गौर ब्लाक के मुस्लिम

पैकोलिया गांव में किया गया। जिसमें गौवंश के उत्थान तथा रख रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात की गई।गो पूजन तथा उद्घघाटन भाजपा नेता जटाशंकर शुक्ला ने किया। पशुधन चिकित्साधिकारी डा विधायक पाण्डेय ने बताया कि इस पशु आरोग्य मेला में 69 पशु पालकों 216 पशुओं के उपचार परीक्षण की जानकारी दी गई।इस मेले में पशुपालन विभाग से उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा अवधेश यादव ने जाड़े में पशुओं के सुरक्षा के लिए उपाय बताया। तथा कुछ आवश्यक किट वितरित किए गए।साथ ही भी बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार प्रत्येक वर्ष ब्लाक में तीन गांव में मेलें का आयोजन किया जाना है।

यज्ञपि दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले के बाबत दिग्विजय सिंह राना ने कहा कि मुस्लिम पैकोलिया गांव किसी समय सुर्खियों में रहता था। जहां गोवंश की सुरक्षा पर सवाल खड़ा होता था। ऐसे गांव में इस मेले का क्या औचित्य है । फिर भी मेरे इस जिला पंचायत क्षेत्र में मुझे इस आयोजन की जानकारी नहीं दी गई।

जेल से रिहाई के बाद पूर्व मंत्री रामकरन आर्या का स्वागत

सल्टौआ (बस्ती)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महादेवा विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक और पूर्व मंत्री रहे रामकरन

आर्या के जेल से रिहा होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को बस्ती जनपद के सल्टौआ चौराहा पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं रुधौली विधानसभा प्रभारी जितेंद्र यादव के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री रामकरन आर्या का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान संजय यादव,कुलदीप मौर्य जीवन,विकास वर्मा , राम चन्द्र यादव, राजमन ,अरुण कुमार रिंकू, आज्ञाराम चौधरी, डीके वर्मा,हरिश्चंद्र यादव, केसरी चौधरी, अशोक यादव, जुबेर अहमद, अभिषेक यादव,मोहम्मद हस्सान,मो.रहीम,मंगल प्रसाद मोदनवाल , विजय यादव,सहित बड़ी संख्या में सपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

पशु आरोग्य मेले का आयोजन

दुबौलिया,हर्रैया (बस्ती)। स्थानीय विकास खंड अंतर्गत न्याय पंचायत बैरागल के ग्राम सभा मझियार में पशु पालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पूजन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रधान गामा यादव व संयुक्त निदेशक डा राजेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। खराब मौसम के बावजूद पशुपालकों द्वारा मेले में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया क्षेत्र के पशुपालकों के छोटे बड़े कुल 495 पशुओं का पंजीकरण उनका स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा किया गया। संयुक्त निदेशक द्वारा विभाग की योजना मिनी नंदिनी, कृषक समृद्धि एवं नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के बारे में पशुपालकों को जानकारी दी गई।

साथ ही पशुधन बीमा, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय कुमार गोंड द्वारा बकरी

पालन पशुधन बीमा योजना नैकयार्ड पोल्ट्री चारा विकास के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रधान ने गांव के किसानों को पशुपालन से जुड़ने और योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त कर आय दुगनी करने हेतु आवाहन किया गया। जिला मंत्री भाजपा राजेंद्र राजभर ने पशुपालन विभाग के कार्यों के प्रशंसा करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों का ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ रहा है।

सैकड़ों महिलाओं के जीवन में मातृत्व की खुशियां ला रहीं डॉ. सोमा शा

बस्ती। मातृत्व का सुख हर महिला के जीवन की एक अनमोल अनुभूति होती है। लेकिन कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण महिलाओं को मां बनने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में कुशल चिकित्सकीय परामर्श और उचित उपचार उनके जीवन में खुशियों की नई शुरुआत कर सकता है।श्री कृष्णा मिशन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बड़ेवन, बस्ती में अपनी सेवाएं दे रहीं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सोमा शा अब तक लगभग सैकड़ों महिलाओं को संतान सुख की प्राप्ति में चिकित्सकीय सहयोग प्रदान कर चुकी हैं। उनके उपचार और मार्गदर्शन से अनेक दंपतियों के जीवन में माता-पिता बनने की खुशियां आई हैं।

पूर्वांचल में महिला रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी पहचान बना रहीं डॉ. सोमा शा लगातार अस्पताल में

मरीजों को अपनी सेवाएं दे रही हैं। महिलाओं से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार के साथ-साथ गर्भधारण में आने वाली परेशानियों को समझकर उचित चिकित्सकीय परामर्श और उपचार उपलब्ध कराना उनकी चिकित्सा सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

डॉ. सोमा शा की सेवाओं से उन दंपतियों को भी उम्मीद मिल रही है, जो लंबे समय से संतान प्राप्ति के लिए प्रयासरत हैं। उनके प्रयास इस बात का उदाहरण हैं कि सही समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह और उचित उपचार से कई परिवारों के जीवन में खुशियां लौट सकती हैं।श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल प्रबंधन का उद्देश्य बस्ती और आसपास के जनपदों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से मरीजों को उपचार देने का प्रयास किया जा रहा है।

आर्ट ऑफ लिविंग के चार दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम में सिखाए जा रहे खुशहाल जीवन के सूत्र

संतकबीरनगर। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी द्वारा संचालित विश्व विख्यात आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से संतकबीरनगर में चार दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। 28 अक्टूबर से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर तक चलेगा। शिविर के अंतिम दिन शनिवार को हैप्पीनेस डे के रूप में समापन किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया के जरिए तनावमुक्त एवं खुशहाल जीवन जीने के तरीके सिखाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के प्रशिक्षक अमित जैन ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को अध्यात्म, योग और साधना के महत्व से परिचित कराने के साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि योग और साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने मन और इंद्रियों पर नियंत्रण प्राप्त कर आंतरिक सुख, शांति और समृद्धि की ओर आगे बढ़ सकता है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालना चाहिए।

उन्होंने बताया कि शिविर में प्रतिभागियों को श्वास आधारित विश्व प्रसिद्ध एवं प्रभावशाली सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया जा रहा है। इसके साथ ही योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से मानसिक तनाव कम करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा हर परिस्थिति में प्रसन्न रहने के व्यावहारिक तरीके बताए जा रहे हैं। इन प्रक्रियाओं से व्यक्ति अपनी प्राण ऊर्जा बढ़ाकर मानसिक और भावनात्मक रूप से अधिक मजबूत बन सकता है।

प्रशिक्षक सुनील गुप्ता ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोचक खेलों, मधुर एवं आध्यात्मिक संगीत और आपसी संवाद के माध्यम से प्रतिभागियों को आनंदमय वातावरण में सीखने का अवसर मिल रहा है। सरल और व्यावहारिक ज्ञान सूत्रों के जरिए तनाव प्रबंधन, बेहतर जीवनशैली और मानसिक मजबूती के विषय में जानकारी दी जा रही है।

शिविर में शामिल प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आध्यात्मिक प्रक्रियाओं, ध्यान और सुदर्शन क्रिया के अभ्यास से उन्हें गहरी शांति का अनुभव हो रहा है। वे पहले की अपेक्षा अधिक ऊर्जावान और सकारात्मक महसूस कर रहे हैं। प्रतिभागियों के अनुसार, इस कार्यक्रम से दैनिक जीवन में आने वाले तनाव और चुनौतियों का सामना करने की नई दृष्टि मिल रही है।अमित जैन ने कहा कि इंसान अक्सर अपनी खुशी बाहर तलाशता है, जबकि वास्तविक खुशी उसके अपने भीतर और हृदय में ही मौजूद होती है। जरूरत केवल उसे पहचानने और अनुभव करने की है। जब व्यक्ति अपने भीतर की प्रसन्नता को समझ लेता है तो उसका जीवन अधिक खुशहाल, ऊर्जावान और सकारात्मक बन जाता है। उन्होंने जिले के लोगों से आर्ट ऑफ लिविंग के आगामी कार्यक्रमों में पंजीकरण कर अध्यात्म, योग और साधना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी जिले में इस तरह के छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।कार्यक्रम में प्रशिक्षक अमित जैन एवं सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रतिभागी आशु सिंह, संगम गुप्ता, जसबीर सिंह, अनुराग, राहुल, आशुतोष, ममता, सूरज सहित अन्य लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वहीं आयोजन में रीतू जैन, अनीता खत्री, सुषमा सेंगर, अंजली अग्रहरि, रंगनाथ मिश्रा और दिनेश अग्रहरि का विशेष सहयोग मिल रहा है।

युवा नेता वीरेंद्र यादव के निधन से शोक की लहर

संतकबीरनगर। खलीलाबाद के बनियाबारी में सड़क हादसे में हरिहरपुर के युवा नेता वीरेंद्र यादव के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रोहित पांडे ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए भावुक श्रद्धांजलि दी। रोहित पांडे ने कहा कि वीरेंद्र यादव से महज दो दिन पहले ही उनकी मुलाकात हुई थी। वर्ष 2013 से वीरेंद्र हर सुख-दुख और हर परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े रहे।